भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3152**
उत्तर देने की तारीख : 11.03.2026

**नई उड़ान योजना**

**†3152. श्री माथेश्वरन वी. एस.:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या नई उड़ान योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति निधि के गबन का पता चलने पर अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने वर्ष 2020 में इस मामले को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) नई उड़ान योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति निधि के गबन से कौन-कौन से संस्थान/छात्र अवैध रूप से लाभान्वित हुए हैं और उनका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने जांच किए गए 1,572 संस्थानों के विरुद्ध कोई दंडात्मक कार्रवाई की है क्योंकि नई उड़ान योजना के अंतर्गत 830 संस्थान फर्जी /आंशिक रूप से फर्जी या अकार्यशील पाए गए थे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या फर्जी/आंशिक रूप से फर्जी या अकार्यशील पाए गए 830 संस्थानों से धन की वसूली की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

<u>उत्तर</u>

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**

**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) 'नई उड़ान' योजना मंत्रालय द्वारा सीधे कार्यान्वित की गई और इस योजना के अंतर्गत न तो निधि के गबन का कोई मामला सामने आया और न ही इस मामले को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) को सौंपा गया।

(ख) 'नई उड़ान' योजना मंत्रालय द्वारा सीधे कार्यान्वित की गई और योजना के कार्यान्वयन में किसी भी बाहरी एजेंसी/संस्थान को नियुक्त नहीं किया गया। इस योजना का कार्यान्वयन वित्तीय वर्ष 2013-14 से 2022-23 तक किया गया और इसके बाद से इसे बंद कर दिया गया है।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता।

*****